रोजगार


## निवेशक सम्मेलन में 1,300 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए

# एनसीआर का नया विकास केंद्र बनेगा हापुड़

लखनऊ, 15 दिसंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शामिल हापुड़ में आयोजित निवेशक सम्मेलन में 1,300 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार राज्य को निवेश और औद्योगिक विकास का बड़ा गंतव्य बनाने की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में हापुड़ अब दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में निवेश के एक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। बयान के मुताबिक, हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा हाल ही में आयोजित 'इन्वेस्ट इन हापुड़' सम्मेलन 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में हापुड़ भी गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर बड़े निवेश केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। इस निवेशक सम्मेलन के दौरान कुल 1,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं।



*निवेशक* सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और निवेश-अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के शीर्ष निवेश गंतव्य स्थलों में शामिल हो गया है।

निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और निवेश-अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के शीर्ष निवेश गंतव्य स्थलों में शामिल हो गया है। खन्ना ने 100 से अधिक निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-एनसीआर का विकास अब केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। हापुड़ जैसे क्षेत्र अब नए विकास इंजन के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) के वाइस चेयरमैन डा नितिन गौड़ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्राधिकरण ने सीमित समय में वित्तीय मजबूती और नियोजित विकास का प्रभावी माडल प्रस्तुत किया है। बयान के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण का कुल लाभ 172 करोड़ रुपए से बढ़कर 435 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं नक्शों और विभिन्न स्वीकृतियों से होने वाली आय 5.3 करोड़ रुपए से बढ़कर 26.32 करोड़ रुपए हो गई है।